# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**10.07.2024** **19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज हुआ मतदान–नालागढ़ सीट पर 78 फीसदी से अधिक मतदान।
- तीनों सीटों पर कुल 13 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में हुआ बंद–मतगणना 13 जुलाई को।
- भाजपा का आरोप– उपचुनाव में राज्य सरकार ने किया सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग, कांग्रेस ने कहा– संभावित हार को देखते हुए बेबुनियाद आरोप लगा रही भाजपा।
- कांगड़ा जिले के ढगवार में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने आबंटित किए 2 सौ एक करोड़ रूपए।

### मतदान

देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में आज उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। मतदान करीब 71 प्रतिशत रहा। नालागढ़ में सबसे अधिक 78 दशमलव एक, देहरा में 65 दशमलव चार दो और हमीरपुर में 67 दशमलव सात प्रतिशत लोगों ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। इन तीनों क्षेत्रों में 3 सौ 15 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस मतदान के साथ ही कुल 13 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है। देहरा और नालागढ़ में पांच–पांच जबकि हमीरपुर में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। देहरा में मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर और भाजपा के होशियार सिंह के बीच है। हमीरपुर में कांग्रेस के पुष्पेंद्र वर्मा और भाजपा के आशीष शर्मा के बीच मुकाबला है। उधर नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के के.एल.ठाकुर और कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा मैदान में हैं। वर्ष 2022 में हुये विधानसभा चुनाव में इन तीनों सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी और निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफे देने के कारण इस सीटों पर उपचुनाव करवाया गया है। खास बात यह है कि इस्तीफा देने वाले तीनों निर्दलीय विधायक इस बार भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर उपचुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया है और जिन लोगों पर आयकर और ई.डी. के छापे पड़े हैं, उनके तार सरकार से जुड़े हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान के निर्देश जारी किए गए हैं और हर स्तर पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की आवश्यकता है। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि भाजपा तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करेगी।

## जगत सिंह नेगी

बागवनी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर ईडी और आयकर विभाग का दुरूपयोग कर उपचुनावों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद से लगातार सरकार गिराने का षड़यंत्र रचा, लेकिन जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा नेता राज्य सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग को लेकर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और उन्हें चुनावों में पार्टी की हार की चिंता सता रही है। बागवानी मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता सरकार को गिराने के दावे कर रही है लेकिन, प्रदेश की जनता इस तरह की राजनीति को पसंद नहीं करती है।

## दुग्ध प्रसंस्करण

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा जिले के ढगवार में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2 सौ एक करोड़ रूपए आबंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से इस संयंत्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संयंत्र की प्रारंभिक क्षमता डेढ़ लाख लीटर प्रति दिन की होगी जिसे तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकता है। इस संयंत्र में दहीं, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, खोया और मोज़रेला चीज़ जैसे दूध के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र कांगड़ा, हमीरपुर, ंचबा और ऊना जिले के

किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने गाय के दूध के खरीद मूल्य को 32 से बढ़ा कर 45 रूपए जबकि भैंस के दूध के खरीद मूल्य को 55 रूपए प्रति लीटर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार भविष्य में कई नई योजनाएं शुरू करेगी।

**कंगना रनौत**

मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा है कि वे मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को पुरज़ोर ढंग से लोकसभा में उठाएंगी। मंडी में आज अपने कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें भारी बहुमत से जिताकर संसद में भेजा है और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना अब उनकी जिम्मेदारी है। कंगना रनौत ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र की प्राथमिकताएं तय कर इन पर कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर मंडी शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य ठप्प करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। भाजपा सांसद ने कहा कि मनाली, सरकाघाट और मंडी में उन्होंने तीन कार्यालय खोले हैं जहां जनता की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस मौके पर कंगना रनौत ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

**नड्डा–डेंगू समीक्षा बैठक**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में डेंगू का प्रसार रोकने की तैयारियों का आकलन करने के लिए आज मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की। बैठक के जे.पी. नड्डा ने कहा कि मंत्रालय डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए योजनाएं तैयार कर रहा है और राज्यों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय चौबीसों घंटे डेंगू हेल्पलाइन शुरू करेगा और सभी राज्यों से अगले चार–पांच दिन में डेंगू हेल्पलाइन शुरू करने को कहा गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय बेहतर समन्वय और योजना बनाने के लिए शिक्षा, आवास व शहरी विकास मंत्रालयों के साथ अंतर–क्षेत्रीय और अंतर–विभागीय बैठकें आयोजित करेगा। जे.पी. नड्डा ने केंद्रीय अस्पतालों को डेंगू उपचार वार्ड, समर्पित प्रबंधन और चौबीसों घंटे स्वास्थ्य

देखभाल की उपलब्धता तैयार करने करने का निर्देश दिया। इसके अलावा राज्यों से स्कूलों के लिए दिशानिर्देश जारी करने को कहा गया है।

**<u>सैहब सोसायटी</u>**

शिमला में सैहब सोसायटी कर्मचारी यूनियन ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम आयुक्त को 32 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई न होने पर इन कर्मचारियों ने आज उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रधान जसवंत सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से सफाई कर्मचारियों की मांगों पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को नगर निगम में मर्ज करना, ईपीएफ सुविधा, सालाना 39 छुट्टियां और समय पर पदोन्नति आदि यूनियन की मुख्य मांगे हैं।

**<u>संचार नेटवर्क</u>**

लाहौल–स्पिति ज़िले में ग्राम्फू–काज़ा–समदो सड़क पर संचार सुविधा न होने से लोगों विशेष तौर पर पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम्फू से लोसर तक लगभग 60 किलोमीटर के क्षेत्र में नेटवर्क व संचार की कोई सुविधा नहीं है। बातल में लंबे समय से सैटेलाइट फोन लगाने की मांग उठ रही थी और ज़िला प्रशासन की पहल से आज बातल में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सैटेलाइट फोन लगाया गया। क्षेत्र के लोगों ने सैटेलाइट फोन स्थापित करने के लिए प्रशासन का आभार जताया है।

**<u>भर्ती</u>**

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024–25 के लिए सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर जिलों के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 3 से 9 सितम्बर तक किया जाएगा। भर्ती निदेशक शिमला ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन अवश्य साथ लाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एस.एम.एस. या उनके पंजीकृत ईमेल आई.डी. पर भी भेजी जाएगी।

## सड़क सुरक्षा

सिरमौर जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि समाज के हर वर्ग विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों विशेषकर मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज, सरकारी व निजी व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मुख्य समाचार

- देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज हुआ मतदान–नालागढ़ सीट पर 78 फीसदी से अधिक मतदान।
- तीनों सीटों पर कुल 13 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में हुआ बंद–मतगणना 13 जुलाई को।
- भाजपा का आरोप– उपचुनाव में राज्य सरकार ने किया सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग, कांग्रेस ने कहा– संभावित हार को देखते हुए बेबुनियाद आरोप लगा रही भाजपा।
- कांगड़ा जिले के ढगवार में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने आबंटित किए 2 सौ एक करोड़ रूपए।

---